हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

06 दिन ढलते ही शुरू हो जाता है पराली जलाने का सिलसिला...



07 काव्य गोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह आयोजित





## खबर संक्षेप

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होगी ट्रायल, पंजीयन शुरू

**सीहोर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी दिनों में होने वाली ट्रायल के लिए पंजीयन 26 अक्टूबर तक अनिवार्य किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देश पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और वीरु वर्मा ने ट्रायल संबंधित कमेटी का गठन किया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय टीम के लिए अंडर-14, अंडर-18, अंडर-23 और सीनियर टीम के लिए ट्रायल होना है। ट्रायल में पंजीजन के लिए 26 अक्टूबर अंतिम तिथि है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अनेक मैचों का आयोजन बीएसआई मैदान होने जा रहा है। इन मैचों में खेलने के लिए एसोसिएशन में पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में होने वाली ट्रायल के पहल पंजीयन होना अनिवार्य किया गया है। खिलाड़ी अपने दस्तावेज लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय बालरंग भोपाल में 5 दिसंबर को

**सीहोर।** भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग-2025 इस वर्ष 5 दिसम्बर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित होगा। आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर संचालक डीएस कुशवाह की अध्यक्षता में गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालरंग में 20 से अधिक राज्यों के स्कूल के विद्यार्थी अपने राज्यों की लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। बालरंग में 500 से अधिक विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। इसी के साथ बालरंग में 5 हजार विद्यार्थी सहभागिता कर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की थीम पर राज्यों की लोक कलाओं से परिचित हो सकेंगे। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालरंग का आयोजन वर्ष 2005 से निरंतर भोपाल में हो रहा है। बैठक में विद्यार्थियों के आवास, परिवहन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

## कार्रवाई : किसान पेयजल के लिए संरक्षित पानी की कर रहे थे चोरी

# कम बारिश के चलते नपा अमला अलर्ट भगवानपुरा से जब्त किए गए मोटर पंप

जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1148 मिलीमीटर है, लेकिन इस बार मात्र 1090 एमएम बारिश ही दर्ज हो पाई, जो पिछले साल 1161 एमएम से भी काफी कम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में औसत से कम बारिश होने के कारण आगामी गर्मी में संभावित गंभीर जल संकट की आशंका तेज हो गई है। मानसून सीजन समाप्त होते ही नगर पालिका प्रशासन पेयजल के लिए आरक्षित जल भंडारण को लेकर अत्यधिक सतर्क हो गया है। इसी सक्रियता के तहत नपा अमले ने शुक्रवार को भगवानपुरा तालाब पर अभियान चलाकर अवैध रूप से पानी चोरी करने में इस्तेमाल की जा रही मोटरें जब्त की हैं।

बता दें जिले में इस साल मानसून की सक्रियता कम रहने के कारण स्थिति चिंताजनक है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1148 मिलीमीटर है, लेकिन इस बार मात्र 1090 एमएम बारिश ही दर्ज हो पाई, जो पिछले साल 1161 एमएम से भी काफी कम है। 21 जून को मानसून की दस्तक के बावजूद बार-बार मानसून ब्रेक की स्थिति बनने से जिले में पानी का अपेक्षित भंडारण नहीं हो पाया।

**50 तालाब खाली :** कम बारिश का सीधा असर जिले के जल स्त्रोतों पर पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 50 से अधिक तालाब वर्तमान में खाली रह गए हैं, जिससे भूजल स्तर और सतही जल स्त्रोतों पर भारी दबाव बढ़ गया है।

**पानी चोरों की खेर नहीं :** नपा अमले ने भगवानपुरा तालाब जिसका जलस्तर पहले ही चिंता का विषय है, वहां तलाशी अभियान चलाया और अवैध तरीके से सिंचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी खींचने वाली मोटरों को जब्त किया। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जल संकट को देखते हुए पेयजल स्त्रोतों से पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ अब और सख्ती बरती जाएगी।

### एक दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मानसून सीजन खत्म होने के बावजूद नगर में वर्तमान में भी एक दिन के अंतराल पर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने आरक्षित पेयजल को संरक्षित करने के लिए सख्ती शुरू कर दी है।

## वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को होगा युवाओं का महासमागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सहकार भारती द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर 'मैं भारत, मेरा युवा' कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय युवाओं को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की आजादी के समय सरदार पटेल के प्रयासों से ही 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ, जिसके कारण आज का भारत 'एक राष्ट्र' के रूप में मौजूद है।

डॉ. नामदेव ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः स्थापित करने के लिए युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया जाए। डॉ. गगन ने बताया कि जब युवा इन विषयों पर चिंतन-मनन करेंगे, तभी वे संस्कृति संपन्न, स्वावलंबी और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखते हुए सहकार भारती ने 31 अक्टूबर को 'मैं भारत, मेरा युवा' कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें 20 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं का एक बृहद् समागम होगा। युवाओं के इस समागम को अश्विनी उपाध्याय संबोधित करेंगे। जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस राष्ट्र चिंतन समागम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## दो बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चला: फूड पॉइजनिंग की आशंका, डॉक्टर्स बोले- पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताएगी सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में पांच दिन पहले हुई दो बच्चों की मौत का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि बच्चों की मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा। प्रथम दृष्टया इन मौतों का कारण फूड पॉइजनिंग माना जा रहा है।

दरअसल ग्राम कचनारिया में 20 अक्टूबर को दो बच्चों की मृत्यु हुई थी। सूचना मिलते ही विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. बी.के. डोहर और एक स्वास्थ्य दल ने गांव का दौरा किया। भ्रमण के दौरान, मृतक बच्चों के परिवार के अलावा गांव में उल्टी, दस्त, बुखार या अन्य किसी बीमारी के लक्षण वाला कोई और मामला सामने नहीं आया। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि यह कोई व्यापक बीमारी का प्रकोप नहीं है। मृतक बच्चों में से एक, 8 वर्षीय वंश (पिता अखिलेश), को 20 अक्टूबर को उल्टी होने पर सुबह 11:13 बजे सिविल अस्पताल आष्टा लाया गया था। वहां से उसे सुबह 11:30 बजे सीहोर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां पहुंचने पर बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे बच्चे की मृत्यु घर पर ही हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वर्तमान में गांव में सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी नई स्वास्थ्य समस्या का तुरंत पता लगाया जा सके।

### संबल योजना : आधार से नहीं होगी उम्र की गणना

**सीहोर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में श्रमिकों की उम्र तय करने के नियम बदले गए हैं। श्रम विभाग ने नए निर्देश जारी किए हैं। अब आधार कार्ड के आधार पर उम्र नहीं मानी जाएगी। उम्र के प्रमाण के लिए अब बोर्ड या विश्वविद्यालय की अंकसूची, प्रमाण पत्र या अंतिम स्कूल का स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्रार, ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र मान्य रहेगा। श्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव बसंत कुर्रे ने बताया कि यदि ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक या उससे उच्च पद पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र मान्य होगा।

## जीवनदायिनी है सीवन, इस तरह न करें प्रदूषित



**सीहोर।** इस बार बरसात के बाद सीवन नदी लबालब भर गई थी। नदी का गहरीकरण कराया गया था। इससे पानी स्टोर करने की क्षमता बढ़ी। चद्दर पुल के मोहरे बंद करने के बाद महिला घाट तक नदी भर गई। लेकिन अब नदी में लोग पूजन सामग्री और अन्य चीजें पॉलीथिन में डाल रहे हैं। इससे पानी की सतह पर कचरा तैरने लगा है। पानी दूषित हो रहा है। समय रहते सफाई नहीं हुई तो पूरा पानी खराब हो सकता है। टाउन हाल के पास विसर्जन कुंड में भी गंदगी बढ़ गई है। यहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था।

## कलेक्टर ने किया मंडी का निरीक्षण, बोले सभी को मिले योजना का लाभ

# भावांतर योजना के तहत सभी मंडियों में सोयाबीन की खरीदी का कार्य प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकार की भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत शुक्रवार से जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन खरीदी कार्य प्रारंभ हो गया। खरीदी प्रक्रिया की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर भैरूंदा, गोपालपुर एवं लाड़कुई कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने मंडी परिसर में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया देखी। उन्होंने एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने मंडी प्रबंधक, राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र किसान भावांतर योजना के लाभ से वंचित न रहे। यदि किसी किसान को खरीदी कार्य से संबंधित कोई समस्या या शिकायत हो, तो उसका तत्काल और प्रभावी निराकरण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपज तौल, पंजीयन, परिवहन, गुणवत्ता परीक्षण एवं भुगतान व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीदी कार्य में पूर्ण पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर उनका हक मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मंडियों में पेयजल, विश्राम स्थल, तौल मशीन, परिवहन और सुरक्षा की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। खरीदी कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी मंडियों में राजस्व, कृषि और सहकारी विभाग के अधिकारी निरंतर निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि सोयाबीन खरीदी की प्रक्रिया सुगमता, पारदर्शिता और किसान हित में संचालित की जा सके। निरीक्षण के दौरान इछावर एसडीएम श्रीमती स्वाती मिश्रा, भैरूंदा एसडीएम श्री सुधीर कुशवाह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑटो पलटने से 10 घायल दो लोगों की हालत गंभीर



**बुधनी।** नेशनल हाइवे-46 पर गुरुवार शाम लगभग 6:30 बजे बगबाड़ा टोल प्लाजा के पास एक ऑटो हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि बुधनी से बरेली जा रहा यह ऑटो सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार करीब 8 से 10 लोग घायल हो गए। घायलों में कृष्ण मेहरा (11), रामनारायण (35) निवासी बकतरा, रुद्र (4), देव (8), मान्य (5) और भास्कर (6) सभी निवासी बरेली शामिल हैं। इनमें से रामनारायण और रुद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज बुधनी सिविल अस्पताल में जारी है।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कियाऔर घायलों को बाहर निकालकर एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस सेवा की मदद से सिविल अस्पताल बुधनी भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है।

## कुबेरेश्वरधाम पर चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का होगा आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गोपाष्टमी को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में नियमित रूप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर पहुंच रहे है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती की। वहीं यहां पर नियमित रूप से सुबह बाबा के भोग के पश्चात निशुल्क रूप से भंडारे का क्रम आरंभ हो जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी प्रदान की जाती है।

### कार्तिक माह में दीपदान का महत्व

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर कार्तिक माह में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दीपदान करते है, दीप प्रज्ज्वलित करना और दान का कार्तिक माह में काफी महत्व है। इसके अलावा धाम पर गुरुदेव के आदेशानुसार इस वर्ष भी 29 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव और चार नवंबर को भव्य हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है। कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढ़ककर रखें। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

### कौमी एकता कवि सम्मेलन में गूंजीं कवियों की गजलें, गीत




**सीहोर।** लखनऊ की संस्था रूबरू फाउंडेशन के तत्वावधान में भोपाल के सिकंदरी सराय में कहकशां-ए-अदब के बैनर तले दीपावली पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा हुआ। आयोजन में मप्र साहित्य साधना मंच का सहयोग रहा। कार्यक्रम की सरपरस्ती शायर सरबत जैदी ने की। अध्यक्षता शायर काजी मलिक नवेद ने की। साहित्य साधना मंच सीहोर के संस्थापक सुरेश जायसवाल ने बताया कि देशभर से ख्याति प्राप्त शायर और कवि शामिल हुए। देर रात तक गजलें और गीत सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। सीहोर के कवियों ने भी मंच से दमदार प्रस्तुति दी। इनमें कवि कमलेश शर्मा, व्यंग्यकार सुंदरलाल जायसवाल, गीतकार सुरेश अजनबी, युवा कवि डॉ. अखिलेश हठीला, संदीप मेवाड़ा, राहुल ठाकुर और जावेद आष्ठवी आष्टा शामिल रहे। रूबरू फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष इरशाद राही ने युवा कवि संदीप मेवाड़ा, डॉ. अखिलेश हठीला और राहुल ठाकुर को साहित्य श्री सम्मान से नवाजा। उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। साहित्य साधना मंच की ओर से संयोजक शायर सलमान हैदर सलमान को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अधिकारियों ने नहीं निभाई अपनी जिम्मेदारी, किसान खेतों में मक्का और धान की फसल में लगा रहे आग

# दिन ढलते ही शुरू हो जाता है पराली जलाने का सिलसिला, राहगीर मुश्किल से ले पा रहे सांस

इस धुंआ से चारों तरफ छाया कोहरा जैसा देखा जा सकता है। तहसील से लेकर गांव तक धान, मक्का की पराली से उठता धुंआ लोगों को सांस लेने में मुश्किल बढ़ गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



धान ,मक्का की पराली ओर सोयाबीन के अवशेष जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण चारों तरफ छाया धुआं फैला हुआ हैं। भैरूंदा तहसील में दिन ढलते ही धान एवं मक्का किसानों ने अपने खेतों की पराली जलाने का सिलसिला शुरू कर दिया। जलाई जा रही पराली से निकलने वाले धुएं के कारण हवा दूषित होती जा रही है। जिसको लेकर लोगों को दूषित हवा में सांस लेने में परेशानी हो रही है। तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में सुबह होते ही पराली जलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

इस धुंआ से चारों तरफ छाया कोहरा जैसा देखा जा सकता है। तहसील से लेकर गांव तक धान, मक्का की पराली से उठता धुंआ लोगों को सांस लेने में काफी मुश्किल बढ़ गई है। पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में किसानों को जिम्मेदारों ने जागरूक किया न ही अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसी कारण से ग्रामीण क्षेत्र के किसान अपने खेतों में मक्का धान एवं सोयाबीन की पराली में आग लगा कर नष्ट कर रहे हैं।


### अधिकारियों ने नहीं निभाई अपनी जिम्मेदारी, किसान खेतों में लगा रहा आग

ग्रामीण क्षेत्रों में दिन ढलते ही पराली जलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिससे उठने वाले धुएं के कारण गांव के निवासी एवं राहगीरों का सांस लेना दूबर हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बीमार लोगों को हो रही है। तहसील के ग्राम पंचायत छीपानेर, बगवाड़ा ,इटारसी क्षेत्र में धान , मक्का की पराली जलने से उठने वाले धुएं को आसानी से देखा जा सकता है। सड़क किनारे स्थित खेतों में धान मक्का की पराली बेखौफ होकर जलाई जा रही है। जिसके चलते छीपानेर से इटारसी मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को पराली का धुआं कोहरा जैसा और आंखों में जलन का एहसास कर रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। न ही किसी के ऊपर कार्रवाई की गई।

### पहचान कर कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, खेतों में पराली जलाने वाले लोगों की पहचान कराई जाएगी। पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं को धर्म से जोड़ने की जरूरत : मुनिश्री अक्षय सागर



**सीहोर ।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज और ऐलक उपशम सागर महाराज के सानिध्य में श्रावक-श्राविकाएं धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। गुरुवार को धर्मसभा में मुनिश्री ने प्रवचन में कहा कि यौवन प्राप्त करने के बाद महाराजा नाभिराय ने सोचा कि जो तपस्वी वन में जाकर परिग्रह का त्याग करते हैं, वे एक दिन सब कुछ छोड़ देंगे। तब तक लोक व्यवहार के लिए वृषभ देव का विवाह योग्य पत्नी से होना चाहिए। उन्होंने वृषभ देव से कहा कि आप जगत के अधिपति हैं, प्रजा आपके जैसे महापुरुषों का अनुसरण करेगी। धर्म संतति के लिए आपको विवाह करना होगा।

मुनिश्री ने भगवान आदिनाथ के जीवन से उदाहरण देते हुए कहा कि युवाओं को समझना चाहिए कि शादी का उद्देश्य क्या है। गृहस्थ बनकर धर्म तीर्थ को आगे बढ़ाना जरूरी है। अगर कोई मुनि या आर्यिका नहीं बन पा रहा है, तो भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे मंदिर और गुरु से बहुत दूर हो गए हैं। वे कान्वेंट स्कूल में पढ़कर लौकिक ज्ञान तो पा रहे हैं, होमवर्क करना जानते हैं, लेकिन नमोस्तु करना और गुरु के चरण छूना तक नहीं जानते। यह चिंता का विषय है।

मुनिश्री ने एक मासिक पत्रिका का जिक्र करते हुए बताया कि एक जैन मंदिर के बाहर लिखा था कि लड़कियां आधुनिक वस्त्र पहनकर मंदिर में प्रवेश न करें। अब तो अधिकतर मंदिरों में नियमावली बोर्ड लगे हैं।

जींस पहनकर बैठना भी कठिन होता है, तो नमोस्तु कैसे करेंगी। मंदिर में प्रवेश से पहले मर्यादा का पालन जरूरी है। वेषभूषा से व्यक्ति के भाव और संस्कार का पता चलता है।

### छठ पूजाः 4 स्पेशल ट्रेनें पर सीहोर में नहीं रुकेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छठ पूजा पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रतलाम रेल मंडल ने चार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनें 23 से 27 अक्टूबर के बीच चलेंगी। इनमें से कोई भी ट्रेन सीहोर स्टेशन पर नहीं रुकेगी। सीहोर के यात्रियों को यात्रा के लिए संत हिरदाराम नगर स्टेशन जाना होगा। रेलवे पीआरओ के अनुसार, गाड़ी संख्या 09157 अंकलेश्वर-समस्तीपुर स्पेशल 23 और 24 अक्टूबर को अंकलेश्वर से दोपहर 3.40 बजे चलेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 5.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन दाहोद, रतलाम, उज्जैन, मक्सी होते हुए संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, कटनी होकर समस्तीपुर जाएगी। गाड़ी संख्या 09158 समस्तीपुर- अंकलेश्वर स्पेशल 25 और 26 अक्टूबर को समस्तीपुर से सुबह 8.30 बजे चलेगी। यह ट्रेन तीसरे दिन रात 2.30 बजे अंकलेश्वर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09001 उधना-समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन 25 अक्टूबर तक चलेगी। यह ट्रेन उधना से सुबह 9.00 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन रात 10.35 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन उज्जैन से मक्सी होते हुए संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर रुकेगी। गाड़ी संख्या 09002 समस्तीपुर-उधना स्पेशल 24 से 27 अक्टूबर तक चलेगी। यह समस्तीपुर से रात 2.15 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन दोपहर 3.35 बजे उधना पहुंचेगी।

## राम जानकी आश्रम में छप्पन भोग लगाकर की महाआरती

**सीहोर।** डोबी के पास स्थित सरदारनगर के राम जानकी आश्रम में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन 1008 महामंडलेश्वर केशव महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर भगवान को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया और महाआरती की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। राम जानकी आश्रम में यह अन्नकूट महोत्सव प्राचीन परंपरा के अनुसार हर साल होता है, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस मौके पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विनय भार्गव, जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, देवी धाम सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, जगदीश पटेल, सेवानिवृत्त अधिकारी बालकृष्ण दुबे, सुनील गौर, एलएल शर्मा (नर्मदापुरम), रोहित शर्मा, राजू वर्मा, किसन पाटीदार, ओम पाटीदार सहित कई लोग मौजूद रहे।



## सिख समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**सीहोर।** प्रकाशोत्सव को लेकर सिख समाज ने गुरुवार सुबह प्रभात फेरी निकाली। श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए सवा घंटे में चार किलोमीटर पैदल चले। प्रभात फेरी सुबह 5 बजे गंगा आश्रम स्थित गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई। बंगला क्षेत्र, मेन रोड, अमर टॉकीज, लेबर कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी होते हुए सुबह 7.15 बजे फिर गुरुद्वारा साहिब पहुंची। रास्ते में कई जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। शुक्रवार को प्रभात फेरी दांगी स्टेट, गुलाब विहार, गुलाब पारस वाटिका फेस 1 और फेस 2 में जाएगी। इन इलाकों में तैयारियां की जा रही हैं। कई जगहों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास गीता भवन के नजदीक एक बुजुर्ग का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 75 साल बताई जा रही है। शव बाउंड्रीवाल के पास पड़ा मिला। वह बस स्टैंड क्षेत्र में भीख मांगता था। थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पहचान के प्रयास जारी हैं।

## कांग्रेस नहीं मिलता था अनुसूचित जाति वर्ग को स्थान, भाजपा ने दिया सम्मान : रवि नागले



**सीहोर।** नवनिर्मित भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में अनुसूचित जाति वर्ग को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इस निर्णय को लेकर भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया है।


उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा लिए गए इस फैसले को पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया है। जिला महामंत्री श्री नागले ने कहा कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टियों ने हमेशा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का शोषण ही किया है वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करके भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता था राष्ट्रीय और प्रदेश कर्यकारिणी में जानबूझकर स्थान नहीं दिया जाता था। आज भाजपा ने प्रदेश कार्यकारिणी में अनुसूचित जाति वर्ग के नेताओं जनप्रतिनिधियों को स्थान देकर यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी ही अनुसूचित जाति वर्ग की सच्ची हितेषी है।

जिला महामंत्री श्री नागले ने कहा कि खंडेलवाल की नई कार्यकारिणी में जिस प्रकार टीम का गठन किया गया है और अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मान दिया गया है उस से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का मनोबल बढ़ रहा है और अनुसूचित जाति वर्ग का व्यक्ति अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही प्रदेश में अनुसूचित वर्ग में खुशी की लहर है अनुसूचित जाति वर्ग को लगातार भारतीय जनता पार्टी में सम्मान एवं अधिकार मिल रहे हैं वही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार में कई योजनाएं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बनी है इस वर्ग के पिछले लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही हैं।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में मनाया दीपावली मिलन समारोह

# नपा अध्यक्ष प्रिंस पहुंचे शहरवासियों के बीच लोगों से गले मिलकर दी दीपावली की बधाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को सुबह कोतवाली चौराहे से मेन रोड, गांधी रोड, चरखा लाइन और बड़ा बाजार आदि में घर-घर पहुंचकर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने आशीर्वाद लिया और दीप पर्व की बधाई दी। इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने दीपावली के अवसर पर स्वच्छता मित्रतों के मध्य भी पहुंचकर आतिशबाजी के साथ इनका सम्मान किया था। इस मौके पर उन्होंने कहाकि शहर को स्वच्छ रखना हमारी सबकी जिम्मेदारी है। शहर में दीप पर्व के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई थी, वहीं स्वच्छता मित्रतों ने रात्रि में ही बाजार में सफाई क्रम भी किया। देव उठनी ग्यारस पर भी स्वच्छता का क्रम चलता रहेगा। परम्परानुसार इस वर्ष भी सुबह बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों के साथ नपाध्यक्ष श्री राठौर छावनी में पहुंचे और नगर के विकास के लिए सभी से सहयोग की कामना करते हुए दीपावली पर्व की बधाई दी। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि देश और प्रदेश की सरकार सभी के लिए कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। हमें एक साथ मिलकर हमारे पर्व मनाने चाहिए। क्षेत्रवासियों ने भी नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया। दीपावली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, मुकेश मेवाड़ा, विजेन्द्र परमार, राजेश मांझी, संतोष शाकय, कमलेश राठौर, नरेन्द्र राजपूत, आशीष गहलोत, सत्यनारायण वारिया, कमलेश कुशवाहा, अर्जुन राठौर, मांगीलाल मालवीय, दीलिप राठौर, राहुल राय, लोकेन्द्र वर्मा आदि शामिल थे।

## मुस्लिम महासंघ ने स्मृति चिन्ह भेंट कर पं. प्रदीप मिश्रा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच की प्रदेश अध्यक्ष समाज सेवी नौशाद खान ने मुस्लिम महासंघ के पदाधिकारी हाजी मुख्यातार पठान, जहीर खान के साथ शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, सीहोर जिला कलेक्टर बाला गुरु के, जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,एसडीएम तन्मय वर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाजसेवी निलेश राय को गुलदस्ता फूलमाला भेंटकर दीपावली धनतेरस भाई दूज महापर्व की बधाई शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने शिव पुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर पुष्प माला पहना कर सम्मान किया। पंडित श्री मिश्रा ने भी श्री खान का अंग वस्त्र बैठकर फूलमाला पहना सत्कार किया। जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और कलेक्टर बाला गुरु के द्वारा समाज सेवी श्री खान के द्वारा जनहित और सद्भावना एकता को लेकर किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।

बेहाल हुआ वेयरहाउस कार्पोरेशन ब्यावरा, जिला प्रबंधक पर नहीं कोई जानकारी

# बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन

**1 महीने बाद भी नहीं हो पाया कलेक्टर के जांच आदेश पर अमल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में अधिकतर विभागों के अधिकारियों को अब किसी भी तरह की जांच होने से कोई डर नहीं लगता है। क्योंकि कितनी बडी अनियमितता भी हो जाए पर अधिकारी पर कोई आंच नहीं आती है। कलेक्टर के जांच आदेश भी अब मात्र दिखावा ही लगती है क्योंकि जो जांच आदेश 23 सितंबर को जारी किया गया हो और उसकी जांच एक महिना निकल जाने के बाद भी पूरी न हो पाने पर भी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई न हो तो फिर आदेश की उपयोगिता पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाते है।

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा वेयरहाउस कार्पोरेशन में आउटसोर्स कर्मचारीयों पर अपने रिश्तेदारों को रखकर बिना कार्य किए वेतन निकाले जाने की जांच के आदेश 23 सिंतबर 25 को कलेक्टर कार्यालय से जिला प्रबंधक वेयरहाउस को किए गए थे परंतु आज 1 महिना पूरा हो जाने के बाद भी जांच का कोई अता पता नहीं है। इससे विभागों के अधिकारियों की कार्यशैली और जिम्मेदारियों को समझा जा सकता है।

### ऑपरेटर शिवमान की मनमानी से हुई अनियमितता

ब्यावरा वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर पर काम करने वाला शिवमान इस तरह के फर्जी काम करते करते इतना शक्तिशाली हो गया है कि उसे किसी का डर नही है। आउससोर्स में कर्मचारियों की संख्या छुपाई जाती है कभी जानकारी न देने वाला शिवमान अब कलेक्टर की जांच के रडार पर आ गया है। कई सालों तक अपने रिश्तेदारों को ड्यूटी पर दिखाकर उनका वेतन निलालने के आरोप इस पर लगे है जो जल्दी ही सामने आ जाएंगे। यदि जांच हुई और उसमें बिना कार्य के वेतन देना पाया गया तो प्रशासन किए गए वित्तीय अनियमितता पर रिकवरी करवा सकता है।

### जिला प्रबंधक पर नहीं है आउटसोर्स कर्मचारियों की स्पष्ट जानकारी

वेयरहाउस जिला प्रबंधक भगवान दास सगर से बात की गई तो उन्होने आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची न होने की बात कही जिला अधिकारी की इस बिडम्बना से ब्यावरा व जिले के वेयरहाउस का हाल समझा जा सकता है फिर जांच कैसी होगी इसका भी अंदाजा भी लगाया जा सकता है।

**जांच पूरी नहीं हुई**

*अभी जांच पूरी नहीं हो पाई है इसमें हमें अभी एक सप्ताह और लगेगा।*

*भगवान दास सगर,*
*जिला प्रबंधक वेयरहाउस राजगढ़*

# गोवर्धन पर्वत को उंगली पर धारण किए दर्शाती बनाई रंगोली

## परंपराओं को जीवंत रखने में जुटी हैं बालिकाएं व युवतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में दीपोत्सव सहित अन्य सभी पर्व उल्लास एवं उमंग के साथ मनाए जा रहे हैं। खुशियों के इन पर्वों पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत रखने क्षेत्र की बालिकाओं एवं युवतियों द्वारा घर-घर आकर्षक रंगोलियों भी बनाई जा रही हैं।

इसी कड़ी में नगर के भंडारा गली निवासी सलोनी पुत्री हरिनारायण सोनी द्वारा अलग-अलग विषयों एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां अपने घर सहित सार्वजनिक स्थानों पर बनाई जा रही हैं। पांच दिवसीय दीपोत्सव के तहत गोवर्धन पूजन को लेकर सलोनी ने भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपने कनिष्ठा उंगली पर धारण करते हुए दर्शाती रंगोली निर्मित की जिसकी आमजनों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। सलोनी ने बताया कि इस रंगोली को बनाने में उन्हें लगभग 3 घंटे लगे हैं और काफी संख्या में लोगों ने रंगोली को आकर देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन अवसर पर सलोनी द्वारा छत पर बनाई गई विशेष रंगोली की भी काफी सराहना हुई थी।





## भाई दूज का पर्व मनाया गया

**जीरापुर।** कार्तिक मास अमावस्या के दो दिन बाद भाई दूज का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों का तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर स्नेह प्रकट किया। दिनभर घरों में उत्सव का माहौल बना रहा तथा मिठाइयों का वितरण कर पर्व की खुशियां साझा की गईं।

# सोयाबीन की पांच हजार की बोली लगने पर किसान को बांधा गया साफा

## पांच दिवसीय अवकाश उपरांत दूज को मंडी में मुहूर्त सादा गया



**जीरापुर।** दीपावली पर्व को लेकर कृषि उपज मंडी में पांच दिवसीय अवकाश उपरांत दूज को मण्ड़ी में मुहूर्त सादा गया। जहां पर व्यापारियों द्वारा नीलामी बोली लगाई गई जिसमें सोयाबीन सर्वाधिक रेट 5001- रूपये में बिकी। इस अवसर पर प्रथम बोली सोयाबीन का मुहूर्त में पूजन कर कृषक ओंकारलाल निवासी बटावदा को साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाव 5001 में मेसर्स बंसल ट्रेडर्स के यहां बिकी जिसमें सचिव हरिप्रसाद वर्मा, कर्मचारी कपिल शर्मा, गोपाल बैरागी, रमेश मालवीय, दिनेश राठौर, गिरिराज गुप्ता, व्यापारी गोविंदा ट्रेडिंग द्वारका जमींदार, दामोदर टांक, अजय बैरिस्टर सहित व्यापारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### मंडी प्रांगण में खरीदी-बिक्री का कार्य आरंभ हुआ

जिले की प्रसिद्ध मंडीयों में जीरापुर कृषि उपज मंडी का नाम आता है लेकिन कृषकों को तमाम सुविधा मिलना आसान नजर नहीं आ रहा है अक्सर देखने में आता है कि किसानों के लिए निर्मित टीन शैड व्यापारियों द्वारा अपने माल स्टाक के रूप में उपयोग किया जा रहा है, इसको लेकर समाचार पत्र के माध्यम से पूर्व में भी सचिव कृषि उपज मंडी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कागजी कार्यवाही कर मात्र औपचारिकता पुरी की जाती है, जिससे कृषकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कृषि उपज मंडी जीरापुर में प्रतिदिन लगभग 1000 से 1500 बोरी सोयाबीन की आवक बनी हुई है।

# काव्य गोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

मध्य प्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में कर्मचारी कॉलोनी कालापीपल में काव्य गोष्ठी एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार भगवत सिंह वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता साहित्यकार महेंद्र सिंह तोमर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात हिंदी लेखक संघ के डॉ. हुकुम सिंह देशप्रेमी ने मालवी बोली में मां शारदे की वंदना प्रस्तुत कर समां बाँधा। उन्होंने राम को भज ले बंदे तू समंदर लाँघ जाएगा, राम की निर्मल भक्ति के बल पर राम का प्यार पाएगा जैसी रचना से उपस्थित श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

कवि हरीश पाटीदार ने इन सब पर कविता लिख डाली, अब तुम पर कविता लिख देंगे सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि भगवत सिंह वर्मा ने मैथिलीशरण गुप्त के पंचवटी महाकाव्य के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से साहित्य और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में महेंद्र सिंह तोमर ने कहा वह कोई गूढ़ ग्रंथ सी, जिसकी हर पंक्ति श्लोक है, गूंज है उसे पढ़ना कोई साधना हो ऋषियों-सा। गोष्ठी का संचालन डॉ. हरीश पथिक ने किया। उन्होंने अपने काव्य पाठ में कहा शहर की कचकच छोड़कर हम तो गांव नगरिया जाएंगे, जो श्रोताओं के मन को भा गया। इस अवसर पर केदार सिंह परमार, सनी गुरु दत्ता, राहुल परमार, पंकज कुशवाह, दीपेश पटेल, राकेश सेन, सुमित परमार, पल्लव परमार, उत्कर्ष परमार सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।



कांगेस के अलग-अलग पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

# कांग्रेस ने सभी 14 निकायों में नियुक्त किए अपने प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस ने अभी से निकाय चुनावों की तैयारी करते हुए जिले के सभी 14 निकायों में अपने प्रभारी नियुक्त किए हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार के नगर परिषद खिलचीपुर का प्रभार अशोक वर्मा, जीरापुर नप का प्रभार समीर खान उर्फ भूरू भाई, माचलपुर नप का प्रभार गोपाल यादव, छापीहेड़ा नप का प्रभार घनश्याम वर्मा, नगर पालिका ब्यावरा का प्रभार राधेश्याम सोमतिया, सुठालिया नप का प्रभार कुशाल कुशवाह, नगर पालिका नरसिंहगढ़ का प्रभार सुरेंद्र मेवाड़े, नगर पालिका सारंगपुर का प्रभार मंजूलता शिवहरे, राजगढ़ नगर पालिका का प्रभार पंकज यादव, खुजनेर नप का प्रभार नीलू दुबे, बोड़ा नप का प्रभार संतोष सोनी, पचोर नप का प्रभार ज्ञानू विजयवर्गीय, कुरावर नप का प्रभार राकेश जायसवाल एवं तलेन नगर परिषद का प्रभार हीरेंद्र सिंह(टोड़ी) को सौंपा गया है।

### नियुक्त प्रभारी रोडमैप करेंगे तैयार

कांग्रेस द्वारा जिले की सभी 14 नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं में नियुक्त किए गए प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा कर अपने-अपने प्रभार वाले निकायों हेतु रोडमैप तैयार करेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया पड़वा उत्सव, भैंसों की हुई पूजा

**छापीहेड़।** गांव में पड़वा प्रतिपदा के अवसर पर पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ भैंस पूजन का आयोजन किया गया। गांव के लोगों ने अपनी-अपनी भैंसों को सजा-धजा कर पूजा अर्चना की।



पूजन से पहले पशुओं को नहलाकर पांडू और चंद्रस का लेप कर पारंपरिक चिन्ह बनाएं वहीं सींगों पर रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक डिजाइन बनाए गए। भैंसों को श्रृंगारित करने के लिए ग्रामीणों ने पारंपरिक मछवंडी, धुंगरू लगी मालाएं, गले में कांडा-घुंघरू और मुंह पर मोरकी जालीदार पट्टी पहनाई। सजावट के बाद लोगों ने अपनी-अपनी भैंसों की पूजा की इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत गाकर उत्सव का माहौल और भी उल्लासमय बना दिया। वहीं युवाओं ने आतिशबाजी कर त्योहार की रौनक बढ़ाई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और गांव में भाईचारे का संदेश दिया। गांव में हर वर्ष पड़वा पर इस तरह से भैंस पूजन की परंपरा निभाई जाती है, जो आज भी ग्रामीण संस्कृति और पशु प्रेम की जीवंत मिसाल पेश करती है।

मंडी बोर्ड मुख्यालय ने जारी किया दूरभाष नंबर

# भावान्तर योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रारंभ हुआ कन्ट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाए जाने के उद्देश्य से भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी आज 24 अक्टूबर, 2025 से प्रारंभ होगी। उक्त योजना के अनुसार प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक कृषकों, संगठनों, व्यापारियों, मंडी बोर्ड समितियों के अधिकारियों की सुविधा के लिए मंडी बोर्ड भोपाल में राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।



मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में स्थापित इस कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0755-2556207 है जिस पर प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। कोई भी कृषक, व्यापारी भावान्तर योजना से संबंधित किसी भी सूचना के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। कंट्रोल रूम प्रभारी अधिकारी के रूप में संयुक्त संचालक सुश्री संगीता ढ़ोके को नियुक्त किया गया है, जिनके निर्देशन में उक्त कंट्रोल रूम कार्य करेगा। अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना द्वारा कृषकों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों व संबंधितों से अपील की है कि वे कोई भी समस्या होने पर उक्त नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लेकर कार्य कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

खंड के ब्यावरा कला एवं दूंधाहेड़ी मंडल संचलन संपन्न हुआ जिसमें जिला संघ चालक प्रेम सिंह दांगी एवं प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मी नारायण चैहान उपस्थित रहे चैहान ने कहा कि 1925 में संघ का बीजारोपण हुआ था जो आज विश्व के 39 देश में समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है जिस प्रकार भगवान राम ने त्रिलोक विजेता रावण का अंत करने के लिए वनवासी समाज गिरी कंदरा में रहने वाले समाज को एकत्रित कर समाज का जागरण कर उस आता ताई शक्ति का अंत किया है इसी प्रकार संघ भी हिंदू समाज का जागरण कर जो देश के अंदर बुराइयां हैं उसको खत्म करना चाहता है संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है सभी स्वयंसेवक पंच परिवर्तन का पालन करें एवं स्वयंसेवक का अनुसरण हिंदू समाज करता है उन्होंने कहा कि रोम मिश्र सब मिट गए जहां से लेकिन कुछ बात है कि हस्ती मिट ती नहीं हमारी क्योंकि भारत के अंदर परिवार प्रथा है सामूहिक परिवार से बच्चों एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं सामूहिक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है जिसके कारण हमारी संस्कृति जीवित है हजारों वर्ष की गुलामी के बाद भी अगर भारत एवं भारत की संस्कृति जीवित है तो इसका मुख्य कारण है संयुक्त परिवार विदेश में ऐसी कोई संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं होता है।



पीड़ित परिवार सहित गागोरनी क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर-एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाने की मांग

**घटना में एक गर्भवति महिला सहित 8 लोग हुए थे घायल, 4 गंभीर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

22 अक्टूबर की सुबह जीरापुर समीपस्थ ग्राम गागोरनी में दो पक्षों के बीच चले आ रहे रास्ते के पुराने विवाद ने बड़ा रूप ले लिया था। घटना में समुदाय विशेष के कुछ लोगों सहित महिलाओं ने लाठी, डंडों, पत्थरों सहित अन्य हथियारों से एक ही परिवार के लोगों पर अचानक हमला कर दिया जिसमें आठ लोग घायल हुए जिनमें गंभीर रूप से जख्मी 4 लोगों का ईलाज झालावाड़ अस्पताल में चल रहा है।

उक्त घटना से आक्रोषित गागोरनी क्षेत्र के अनेकों लोगों ने गुरुवार को मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों द्वारा गागोरनी में सरकार जमीन पर किए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहाने की मांग रखी। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा 109 बढ़ाए जाने का उल्लेख भी ज्ञापन में किया गया है। उक्त मांग पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने जांच करवाने के उपरान्त उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

**पुलिस पर सामान्य धाराओं में एफआईआर करने का आरोपः** पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि जीरापुर पुलिस ने मामले में ठोस कार्यवाही नहीं की है। आरोपियों पर सामान्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है वहीं हत्या के प्रयास की धारा 109 एफआईआर में सम्मिलित नहीं की गई है। ऐसे में आरोपियों के हौंसले बुलंद हैं और वे कभी भी किसी भी अन्य अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।



### तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम सुश्री निधि भारद्धाज को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि उनकी उक्त दोनों मांगों पर तीन दिनों में कार्यवाही नहीं की गई तो वे उग्र प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।


### गांव में अभी भी तैनात है पुलिसबल

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए गागोरनी गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। आपको बतादें कि घटना के बाद पीड़ति पक्ष के समर्थन में एक सैंकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने जीरापुर पहुंचकर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर काफी समय तक प्रदर्शन किया था।

### मामले के सभी सातों आरोपियों को किया गिरफ्तार

जीरापुर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों की मेडीकल रिपोर्टस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही हमने आरोपियों पर नियमानुसार धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जहां, तक राजस्व भूमि पर अतिक्रमण या कब्जे की बात है तो उस पर प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा ही जांच उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सूने घर में चोरी, लाखों का माल ले उड़े बदमाश

**देवास।** शहर के नावेल्टी चौराहा स्थित हेबतराव मार्ग पर संतोष बासरकर के घर में अज्ञात बदमाशों ने बुधवार को चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन और 9 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) चुरा ले गए। घटना के समय संतोष बासरकर अपनी पत्नी सुजाता के साथ भाई दूज के लिए इंदौर गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित परिवार ने तत्काल पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुजाता बासरकर ने पुलिस को बताया कि चोरों ने उनके घर से दो चांदी की थाली, छह गिलास, एक चांदी की कटोरी, दो लोटे, एक सोने का हार, दो सोने के कड़े और दो सोने की बालियां चुराई हैं। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है।

### गवली समाज ने की गोवर्धन पूजा

**देवास।** गवली समाज द्वारा दिवाली के बाद पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली गोवर्धन पूजा इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। रवि यादव ने बताया कि समाज की महिलाओं ने सुबह जल्दी उठकर गाय का गोबर एकत्रित किया और उससे गोवर्धन पर्वत की आकृति तैयार की। इसके बाद उसे मोर पंख, फूलों और दीपों से सजाया गया। पूजा विधि के अनुसार, समाज के लोगों ने गोवर्धन की परिक्रमा की और भगवान श्रीकृष्ण से परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद परंपरा अनुसार बच्चों को गोवर्धन में लिटाया गया, ताकि वे पूरे वर्ष स्वस्थ और दीर्घायु रहें। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा श्रीकृष्ण काल से चली आ रही है, जब उन्होंने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप और मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था।

### कृषि उपज और सब्जी मंडी में विधि-विधान से नीलामी कार्य शुरू

# मंडी में सोयाबीन 6601, लहसुन 8290 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हुआ नीलाम

नीलामी के दौरान विधायक, नपा प्रतिनिधि सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारियों के साथ किसान उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शुक्रवार को आष्टा शहर की प्रमुख मंडी और सीहोर जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त में नीलामी कार्य शुरू किया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी गण, किसान बंधु उपस्थित रहे साथ ही बाईपास स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में सब्जी नीलामी कार्य का भी आज विधि विधान से नीलामी कार्य शुरू किया गया इस दौरान अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया और किसानों से संबंधित जानकारी दी। कृषि उपज मंडी में फर्म शर्मा फ्लोर ने किसान का सोयाबीन 6601 में 9 क्विंटल खरीदा ग्रेवीदार मां दयालु ट्रेडर्स पर किसान का धान 6201 रुपए के भाव से बिका और इसी के साथ कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य शुरू हुआ।

### फल सब्जी मंडी में भी विधि विधान से नीलामी कार्य शुरू

उन्नतसील फल सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि आज बाईपास स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में जनप्रतिनिधियों व्यापारियों किसानों की उपस्थिति में नीलामी कार्य शुरू हुआ।उपज लेकर आये कृषक सुमित परमार मुरावर की लहसुन की नीलामी बोली लगाई गई जिसमे आठ हजार दो सो नब्बे रूपये प्रति किंवटल की गई प्रो. मनोज कुशवाह, सुशील कुशवाह फर्म पार्वती ट्रेडिंग कंपनी एवं कृषक सुमीत परमार का स्वागत किया गया।

### कार्यक्रम में यह भी रहे मौजूद

आयोजक नरेंद्र कुशवाह ,विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम, आशिक मामा, अरशद भाई,नाशीर भाई,अजीज भाई, विनोद, धर्म हुसैन भाई, गफ्फार भाई, साबिर राईन, आजाद राईन, छोटे भाई, वसीम भाई, कल्लू भाई खड़ी, पप्पू भाई खड़ी, शौकत भाई खड़ी, रफीक मोदी, अशरफ जहीरी, रिय्यान भाई, पप्पू राईन, अजय मोहन कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन मुस्कान:24 घंटे में अपहर्ता को किया गिरफ्तार

### थाना कमलापुर पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुलिस थाना कमलापुर पर परिजनो व्दारा अपहर्ता के अपहरण के संबंध में संदेह बताकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके पश्चात मामले की गंभीरता को लेते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालक बालिकाओं की तलाश शुरू की गई।

परिजन द्वारा अपहर्ता के न मिलने पर अनहोनी घटना होने की शंका जताते हुए काफी परेशान थे, पुलिस ने अलग अलग टीम बनाई। इंदौर देवास विभिन्न स्थानों पर पतारसी के बाद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई और दबिश देकर गुरुवार को पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर की टीम द्वारा जिला इंदौर से दस्तयाब किया गया। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में सीसीटीवी कैमरे चेक कर एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर अपहर्ता के फोटो भेजे जाकर एवं उनकी जानकारी मिलने पर तत्काल पहुंचकर एवं जिले की सक्रिय साइबर तकनीकी सहायता के चलते अपहर्ता को सुरक्षित पुलिस अभीरक्षा में लेकर थाना कमलापुर आए एवं अपहर्ता से पूछताछ की कोई घटना घटित होना नहीं पाया जिनको उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चों को सकुशल देखकर माता-पिता परिजन के चेहरे पर मुस्कान आई एवं उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही मे उप निरी उपेन्द्र नाहर थाना प्रभारी कमलापुर, उप निरी राकेश नरवरिया, उप निरी पार्वती डाबर, प्रआर सचिन, आर विवेक, आर बलराम, आर दिलीप का सराहनीय योगदान रहा है।

# किला दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन कर आज धन्य हुआ: संजीव जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एडिशनल कलेक्टर देवास संजीव जैन ने आष्टा नगर के दिगम्बर जैन दिव्योदय जैन तीर्थ पर आकर जिन मन्दिर के दर्शन किये व विराजमान पूज्य मुनि श्री सजग सागर जी महाराज व सानंद सागर जी महाराज के दर्शन का लाभ लिया साथ मे आष्टा तहसीलदार श्री रामलाल पगारे भी उपस्थित रहे संजीव जी पूज्य मुनि श्री के अमृत वचनों से लाभान्वित हुए व आशीष ग्रहण किया किला मंदिर के दर्शन कर बड़े बाबा की मनोहारी प्रतिमा के विषय मे उन्होंने बताया की ऐसी आलौकिक प्रतिमा सम्पूर्ण भारत मे नही है प्रतिमा की कला कृति तीसरी शताब्दी की बताई यह प्रतिमा अद्वितीय है। आज में इनके दर्शन कर धन्य हुआ। इस अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायत समिति द्वारा उनका शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया। तथा आगामी 2 नवम्बर रविवार को आयोजित होने जा रहे मुनि श्री के पिक्षिका परिवर्तन समारोह हेतु उन्हें समिति द्वारा निवेदन किया गया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकारते हुए आने की स्वीकृति प्रदान कीइस अवसर पर समाज के संरक्षक पवन जैन, धनरूपमल जैन, मुकेश बड़जात्या, महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक, हेमन्त जैन, डॉ जैनपाल जैन, निर्मल जैन, शरद जैन, ऋषभ जैन, नेमीचंद जैन, पवन जैन, संजय जैन, सुरज आदि लोग उपस्थित रहे।

# 31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय करेंगे युवाओं को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सहकार भारती द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दिनांक 31 अक्टुबर 2025, दिन शुक्रवार को सांय 6 से 8 बजे तक युवाओं का महासमागम कार्यक्रम स्थानीय क्रिसेंट ग्रीन गार्डन, इन्दौर-भोपाल हाईवे पर आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन के लिये आज दिनांक 25 अक्टुबर को खजांची लाईन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला, सीहोर पर सांय 7 से 9 बजे तक प्रवेशिका प्राप्त कर सकते हैं और जो भी व्यक्ति प्रवेशिका से संचित रह जायें वह गगन नामदेव क्लीनिक के समाने गंगा आश्रम पर सांय 3 से 8 बजे के बीच पहुंचकर अपना निःशुक्ल पंजीयन कराकर प्रवेशिका प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आयोजन में मुख्यवक्ता राष्ट्रीय जनहित याचिकाओं के जनक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा युवाओं को संबोधित किया जावेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की आजादी के समय सरदार पटेल के प्रयासों से ही 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ, जिसके कारण आज का भारत एक राष्ट्र के रूप में मौजूद है। डॉ. नामदेव ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः स्थापित करने के लिए युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया जाए। डॉ. गगन ने बताया कि जब युवा इन विषयों पर चिंतन-मनन करेंगे, तभी वे संस्कृति संपन्न, स्वावलंबी और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखते हुए सहकार भारती ने 31 अक्टूबर को मैं भारत, मेरा युवा कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें 20 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं का एक बृहद् समागम होगा। युवाओं के इस समागम को अश्विनी उपाध्याय संबोधित करेंगे। जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने सभी युवाओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस राष्ट्र चिंतन समागम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# वेयर हाउस संघ की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बीते दिनों स्थानीय प्राइवेट वेयर हाउस संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सभी प्राइवेट वेयर हाउस प्रबंधको ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। वेयर हाउस एसोसिएशन के सैयद परवेज अली ने जानकारी देते हुए बताया की संघ की एक बैठक आयोजित कर कई अहम निर्णय लिए हैं जिसमें किराए की दर प्रति बेग 6 रूपये कट्टी अधिकतम 50 से 60 किलोग्राम, प्रति बोरा 10 रूपये नग अधिकतम 90 किलोग्राम दर रहेगी।

उक्त दर सोयाबीन, गेंहू, चना, मसूर फसलों के लिए हैं। वेयर हाउस भंडारण में कम से कम 03 माह का किराया भुगतान करना अनिवार्य होगा। यदि ब्लॉक (चट्ठा) गिरता हूं, तो एक माह में गिरने पर वेयर हाउस प्रबंधक द्वारा इसका खर्च वहन करेगा। किन्तु यदि एक माह के पश्चात ब्लॉक (चट्ठा) गिरता हैं, तो उसका खर्च माल मालिक के द्वारा वहन किया जाएगा। यदि ब्लॉक (चट्ठा) हाइड पूरा नहीं करता है, तो उसका किराया पूरेब्लॉक (चट्ठा) को माल मालिक के द्वारा अनिवार्य वहन किया जाएगा।

यदि माल मालिक कम हाइस पर भंडारण करना चाहता हैं, तो पूरे एक ब्लॉक का 288 बोरे एवं 420 बोरी का व्यय वहन करना होगा। वेयरहाउस में 3 माह तक का भंडार खराब होता हैं, तो उसकी जावबदारी वेयर हाउस प्रबंधक की रहेगी एवं इसके विपरित 3 माह में माल खराब होता हैं, तो उसकी जवाबदारी माल मालिक की रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वेयरहाउस संचालकों को 15 अक्टूबर से नई फसल की आवक पर पालन करना अनिवार्य रहेगा, जो इसका पालन नहीं करेगा, उन्हे आर्थिक रूप से एक लाख रूपये का जुर्माने का भुगतान वेयर हाउस संघ को करना अनिवार्य होगा। बैठक में सैय्यद परवेज अली, राजेश बनवट, बंटी जायसवाल, अर्जुन सोनी सहित संघ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कजलास में बॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गांव कजलास में पंचदिवसीय दीपोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित बॉलीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन सरदार पटेल युवा समिति द्वारा किया गया जिसका निर्णायक मुकाबला प्रतियोगिता की प्रथम एवं द्वितीय टीमों के बीच खेला गया उक्त मैच में विजेता शिवाजी टीम एवं उपविजेता प्रताप टीम रही, विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के माध्यम से व्यवस्थित होने के कारण किशोर पाटीदार द्वारा दिया गया एवं द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपए गांव के पटेल एवं युवा समाज सेवी सूर्यपाल सिंह ठाकुर द्वारा दिया गया। दर्शकों और पूरे मैच में सहयोग देने प्रधान करने वालो का आभार समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य जय प्रकाश पाटीदार, इसवरी लाल पाटीदार, जितेन पाटीदार एवं धर्मेंद्र एवं अशोक चौधरी और जितेन, सिकंदर पठान के द्वारा आभार व्यक्त किया गया और पूरे टूर्नामेंच के सूत्र धार केशव पाटीदार ,सचिन पाटीदार और राहुल विश्वकर्मा रहे।

### दुखी परिवार से मिलने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर पहुंचे ग्राम कचनारिया

# शासन-प्रशासन स्तर पर परिवार की सहायता का दिया भरोसा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दो दिन पूर्व आष्टा तहसील के ग्राम कचनारिया में उल्टी दस्त से बीमार हुए दो मासूम बच्चों की मौत की दुख भरी खबर के बाद आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर दुखी और पीड़ति परिवार से मिलने उनके दुख में शामिल होने ग्राम कचनारिया पहुचे एवं दुखी परिजनों को सांत्वना देते हुए,दोनों मासूम बच्चों के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरूवार को दोपहर में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर कचनारिया पहुचे एवं पीड़ति दुखी परिवार के दुख में उनके निवास पर पहुच कर शामिल हुए। परिजनों से चर्चा कर घटना की जानकारी ली एवं मौके से ही कलेक्टर सीहोर से चर्चा कर जो घटना घटी,दोनों बच्चों की दुखद मृत्यु के बाद प्रशासन-शासन की ओर से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता पीड़ति परिवार को मिले,को लेकर चर्चा की । मौके पर पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा पीड़ति परिवार को राशन के रूप में गेंहू चावल आदि की व्यवस्था कराई गई। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीड़ति परिवार से कहा की आपके ऊपर जो ये दुख का पहाड़ टूटा है उस दुख में में हर तरह से आपके साथ हु। मुझसे एवं शासन प्रशासन स्तर पर जितनी भी ज्यादा से ज्यादा सहायता हो सकती है में कराऊँगा। विधायक ने एक ओर बेटी जिसका भोपाल में इलाज चल रहा है उसके स्वास्थ की भी स्वास्थ विभाग से जानकारी ली एवं निर्देश दिये कि बेटी के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी ना हो। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की ग्राम कचनारिया के अखलेश मालवीय के दोनों बच्चों आंशिका एवं वंश की मृत्यु से में दुखी हूं,आज ग्राम कचनारिया पहुच कर दुखी परिवार से मिला एवं दोनों बच्चों के दुखद निधन पर बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दुखी परिवार को सांत्वना देते हुए हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर ग्राम के प्रेम मेवाडा, कुमेरसिंह, रमेश सेठ, डॉ डोहर कोठरी आदि भी उपस्तिथ थे।

# सुख-दुख में कर्मचारियों की सहायता के लिए परिषद साथ है: मेवाड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका एक परिवार की तरह है और इसमें कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण परिवार के सदस्य है। चाहे सुख हो या दुख परिषद सभी सदस्यों के साथ है और हमेशा रहेगी। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि गत दिवस मनोहर जगराम जो कि नगरपालिका में सफाई मित्र थे जो वर्षो से निकाय में कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन होने पर शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुकंपा अनुग्रह सहायता राशि 1 लाख 25 हजार रूपये का स्वीकृति पत्र उनके उत्तराधिकारी विनोद को सौंपा गया। श्री मेवाड़ा ने कहा कि जहां नगरपालिका श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करती है, वहीं दुख की घड़ी में भी सोकसंतृप्त परिजनों के साथ भी है। श्री मेवाड़ा ने शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी विनम्र शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आपके परिवार के सदस्य को तो नही लौटाया जा सकता, किंतु आर्थिक सहायता जो आपको प्रदान की गई है वह राशि नेक कार्य में लगाएं।